Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 315 ▫ रायपुर, बुधवार 10 दिसम्बर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

## आत्मसमर्पित नक्सलियों के आपराधिक प्रकरणों के निराकरण एवं वापसी संबंधी प्रक्रिया अनुमोदित



**अब 11 विभागों के 14 अधिनियमों के 116 प्रावधानों को भी सरल और अधिक प्रभावी बनाने के लिए लाया जाएगा विधेयक**

**रायपुर,** 10 दिसंबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज यहां सिविल लाईन स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के विरुद्ध पंजीबद्ध आपराधिक प्रकरणों के निराकरण/वापसी संबंधी प्रक्रिया को अनुमोदित किया है।

मंत्रिपरिषद ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के विरुद्ध दर्ज प्रकरणों की समीक्षा एवं परीक्षण के लिए, जिन्हें न्यायालय से वापस लिया जाना है, मंत्रिपरिषद उप समिति के गठन को स्वीकृति दी है। यह समिति परीक्षण उपरांत प्रकरणों को मंत्रिपरिषद के समक्ष प्रस्तुत करेगी। यह निर्णय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण/पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 के प्रावधानों के अनुरूप है, जिसके अंतर्गत आत्मसमर्पित नक्सलियों के अच्छे आचरण तथा नक्सलवाद उन्मूलन में दिए गए योगदान को ध्यान में रखकर उनके विरुद्ध दर्ज प्रकरणों के निराकरण पर विचार का प्रावधान है।

आत्मसमर्पित नक्सलियों के प्रकरण वापसी की प्रक्रिया के लिए जिला स्तरीय समिति के गठन का प्रावधान किया गया है। यह समिति आत्मसमर्पित नक्सली के अपराधिक प्रकरणों की वापसी के लिए रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को प्रस्तुत करेगी। पुलिस मुख्यालय अभिमत सहित प्रस्ताव भेजेगा। शासन द्वारा विधि विभाग का अभिमत प्राप्त कर मामलों को मंत्रिपरिषद उप समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उपसमिति द्वारा अनुशंसित प्रकरणों को अंतिम अनुमोदन हेतु मंत्रिपरिषद के समक्ष रखा जाएगा। केंद्रीय अधिनियम अथवा केंद्र सरकार से संबंधित प्रकरणों के लिए भारत सरकार से आवश्यक अनुज्ञा प्राप्त की जाएगी। अन्य प्रकरणों को न्यायालय में लोक अभियोजन अधिकारी के माध्यम से वापसी की प्रक्रिया हेतु जिला दण्डाधिकारी को प्रेषित किया जाएगा।

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के विभिन्न कानूनों को समयानुकूल और नागरिकों के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से 14 अधिनियमों में संशोधन हेतु छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) (द्वितीय) विधेयक, 2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

उल्लेखनीय है कि कई अधिनियमों में उल्लंघन पर जुर्माना या कारावास के प्रावधान होने से न्यायिक प्रक्रिया लंबी हो जाती है, जिससे आम नागरिक और व्यवसाय दोनों अनावश्यक रूप से प्रभावित होते हैं। ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस और ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए इन प्रावधानों का सरलीकरण आवश्यक है। इससे पहले, राज्य सरकार द्वारा 8 अधिनियमों के 163 प्रावधानों में संशोधन करते हुए छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2025 अधिसूचित किया गया है। अब 11 विभागों के 14 अधिनियमों के 116 प्रावधानों को भी सरल और अधिक प्रभावी बनाने के लिए यह विधेयक लाया जाएगा। इस विधेयक में छोटे उल्लंघनों के लिए प्रशासकीय शास्ति का प्रावधान रखा गया है, जिससे मामलों का त्वरित निपटारा होगा, न्यायालयों का बोझ कम होगा और नागरिकों को तेजी से राहत मिल सकेगी। साथ ही, कई अधिनियमों में दंड राशि लंबे समय से अपरिवर्तित होने के कारण प्रभावी कार्यवाही बाधित होती थी, इस विधेयक से वह कमी भी दूर होगी। इन संशोधनों से सुशासन को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां जन विश्वास विधेयक का द्वितीय संस्करण लाया जा रहा है। मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रथम अनुपूरक अनुमान वर्ष 2025-2026 का विधानसभा में उपस्थापन बावत् छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक, 2025 का अनुमोदन किया गया।

## कल से बस्तर ओलंपिक: गृहमंत्री अमित शाह होंगे मुख्य अतिथि




■ महान बॉक्सर मैरी कॉम और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया होंगे विशेष आकर्षण

**रायपुर,** 10 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग 11 से 13 दिसंबर तक ''बस्तर ओलम्पिक 2025'' का संभाग स्तरीय आयोजन करने जा रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। पारंपरिक खेलों, जनजातीय संस्कृति और युवा खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित यह आयोजन प्रदेश के खेल कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण है। बस्तर ओलम्पिक 2025 में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित खिलाड़ी पारंपरिक एवं आधुनिक खेल विधाओं में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

विगत वर्ष बस्तर ओलंपिक के आयोजन ने देशभर में अपनी गहरी छाप छोड़ी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में बस्तर ओलंपिक की विशेष सराहना की थी। यह उल्लेखनीय है कि बस्तर क्षेत्र के युवाओं को नक्सल प्रभाव से दूर कर शासन के मुख्यधारा में लाने और खेल के माध्यम से इस क्षेत्र में शांति और भय मुक्त वातावरण तैयार करने की कल्पना से राज्य शासन ने बस्तर ओलंपिक का आयोजन प्रारंभ किया था। इस वर्ष के आयोजन की विशेषता यह है कि देश की महान बॉक्सर मैरी कॉम बस्तर ओलंपिक 2025 के उद्घाटन समारोह में 11 दिसंबर को अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगी। बॉक्सर मैरी कॉम 6 बार की विश्व बॉक्सिंग चैम्पियन, लंदन ओलम्पिक 2012 की कांस्य पदक विजेता और पद्म भूषण, पद्मश्री एवं खेल रत्न से सम्मानित हैं। इसी प्रकार भारतीय फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया बस्तर ओलंपिक के समारोह में 13 दिसम्बर को खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने उपस्थित रहेंगी। भूटिया को पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जिन्होंने भारतीय फुटबॉल को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खेल विभाग द्वारा जिला स्तर पर विजेता सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जूनियर वर्ग में 2400 रुपये एवं सीनियर वर्ग में 3000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रति खिलाड़ी प्रदान की जाएगी। यह पहल राज्य के युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और अपने खेल कौशल को निखारने के लिए प्रेरित करेगी। इसके साथ ही बस्तर ओलंपिक के जूनियर वर्ग के विजेता को शासकीय खेल अकादमी में सीधा प्रवेश दिया जाएगा। आधुनिक खेल प्रशिक्षण देकर आगे के लिए तैयार किया जाएगा।

## ब्रेकिंग न्यूज

### हाईवे पर उतरा छोटा विमान, टॉयोटा कार से टकराया एयरक्राफ्ट

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में सोमवार की शाम एक ऐसा वाकया हुआ, जिसने कुछ देर के लिए लोगों की सांसें रोक दीं। मेरिट आइलैंड के पास बेहद व्यस्त ढ्ढ-95 हाईवे पर एक छोटा विमान अचानक उतरा और उतरते ही एक कार से भिड़ गया। तेज़ रफ्तार ट्रैफिक के बीच हुई यह इमरजेंसी लैंडिंग किसी बड़े हादसे में बदल सकती थी, लेकिन गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई। बीचक्रॉफ्ट 55 श्रेणी का यह प्राइवेट विमान उड़ान के दौरान अचानक परेशानी में आ गया। फ्लोरिडा हाईवे पेट्रोल के अनुसार, इसके दोनों इंजनों ने एक साथ पावर खो दिया, जिससे पायलट के पास जमीन पर उतरने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा।विमान में मौजूद 27 वर्षीय पायलट और उसका साथी सुरक्षित बाहर निकल आए।

### इंडिगो पर गहराया संकट! 5000 से ज्यादा उड़ानें रद्द, एंटीट्रस्ट जांच की सुगबुगाहट तेज

नई दिल्ली, 10 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पर संकट का एक नया दौर मंडरा रहा है। दिसंबर महीने की शुरुआत में ही 5000 से ज़्यादा फ्लाइट कैंसल होने और हज़ारों यात्रियों के एयरपोर्ट पर फंसे रहने के बाद अब कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया एयरलाइन पर एंटीट्रस्ट जांच शुरू करने पर विचार कर रहा है। सूत्रों के अनुसार यह जांच यह पता लगाने के लिए हो सकती है कि क्या इंडिगो ने बाज़ार में अपने वर्चस्व का गलत इस्तेमाल किया और यात्रियों के लिए सेवाओं में बाधा डाली या उन पर अनुचित शर्तें थोपीं। इंडिगो देश के घरेलू एयरलाइन मार्केट का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा कंट्रोल करती है। एयरलाइन को पायलटों के लिए लागू नए आराम नियमों को सही ढंग से लागू न कर पाने के कारण भारी क्रू शॉर्टेज का सामना करना पड़ा। कंपनी को 2422 कैप्टन्स की ज़रूरत थी लेकिन उसके पास केवल 2357 थे जिस वजह से दिसंबर के पहले हफ्तों में 5000 से ज़्यादा उड़ानें रद्द हुईं।




चूहा- सुनती हो, शिक्षकों को अब सांप-बिच्छू की निगरानी करने कहा जा रहा है।

चुहिया- हां जी, तो आखिर पढ़ाई तो ट्यूशन में होती है..!

## 4 खूंखार नक्सलियों ने किया सरेंडर




**मदनवाड़ा घटना में थे शामिल**

**कांकेर,** 10 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कांकेर में दो पुरुष और दो महिला नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। ये सभी मदनवाड़ा घटना में शामिल रहे थे। जिस नक्सल हमले में एसपी विनोद चौबे शहीद हुए थे। सरेंडर करने वाले नक्सली कांकेर सहित आस पास के अन्य इलाकों में सक्रिय थे। आत्मसमर्पण नक्सलियों को एसपी आई कल्याण एलिसेला ने 50-50 हजार की सहायता राशि भी सौंपी।

## जिंदल पावर की जनसुनवाई में हंगामा, मंच से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अपशब्द



**भाजपा नेताओं ने की कड़ी आपत्ति**

**रायगढ़,** 10 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। जिंदल पावर लिमिटेड के कोल ब्लॉक उत्खनन परियोजना को लेकर तमनार ब्लॉक के ग्राम दौराभांत में दो दिन पहले आयोजित जनसुनवाई के दौरान बड़ा विवाद खड़ा हो गया। जनसुनवाई का विरोध कर रहे ग्रामीणों में से एक व्यक्ति ने मंच से मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री और जिला प्रशासन के अधिकारियों के लिए अपशब्द बोल दिए। इस घटना के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया।

इस मामले को लेकर जिले के कई भाजपा नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मंच पर इस तरह की अभद्र भाषा अस्वीकार्य है और दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उधर ग्रामीणों का कहना है कि वे बीते दो महीनों से कोल ब्लॉक के विरोध में आंदोलन कर रहे हैं। 13 से अधिक गांवों के लोग परियोजना के पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव को लेकर चिंतित हैं। विरोध के बीच आयोजित इस जनसुनवाई में स्थानीय निवासियों ने परियोजना को पूर्णतः निरस्त करने की मांग भी दोहराई। जिला प्रशासन ने घटना की जांच कराने की बात कही है, वहीं आंदोलनकारी ग्रामीण आगे भी शांतिपूर्ण विरोध जारी रखने की बात कर रहे हैं।

## मोहन भागवत ने खोला मोदी उत्तराधिकारी का सस्पेंस



**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह में सोमवार को चेन्नई में आयोजित कार्यक्रम में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई अहम सवालों पर अपनी राय रखी। इस अवसर पर उनसे जब पूछा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद सत्ता की बागडोर किसे सौंपी जाएगी, तो भागवत ने स्पष्ट किया कि इस विषय पर अंतिम निर्णय भाजपा और मोदी जी आपस में चर्चा कर तय करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया पार्टी की रणनीति और अनुशासन के तहत होगी। भागवत ने तमिलनाडु में आरएसएसकी सीमित उपस्थिति पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि राज्य में 100त्न राष्ट्रवादी भावना मौजूद है, लेकिन कुछ कृत्रिम बाधाओं के कारण इस भावना का पूर्ण रूप से अभिव्यक्ति नहीं हो पा रही है। भागवत ने आश्वस्त किया कि ये अवरोध लंबे समय तक टिकेंगे नहीं और इसे दूर करने के प्रयास लगातार जारी हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की जनता अपने संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित रही है और इन मूल्यों को और मजबूत करना आवश्यक है। संघ प्रमुख ने तमिलनाडु के लोगों से अपनी मातृभाषा में बातचीत करने और अपनी पारंपरिक जीवन शैली को बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि लोग तमिल में हस्ताक्षर करने में क्यों हिचकते हैं। भागवत ने सभी भारतीय भाषाओं को समान महत्व देते हुए कहा कि ये हमारी सांस्कृतिक पहचान और गौरव का हिस्सा हैं। उन्होंने दक्षिण भारतीय राज्यों की संस्कृति की सराहना करते हुए खासकर पारंपरिक पोशाक 'वेष्टि' को लोगों के सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रतीक बताया। भागवत ने स्पष्ट किया कि भारतीय संस्कृति की इस विविधता को संजोना और बढ़ावा देना समाज और राष्ट्र दोनों के लिए महत्वपूर्ण है।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में नए साल का नया नियम, इन दिनों नहीं दिखेगी आरती

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। नए साल पर काशी जा रहे श्रद्धालुओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक आरती और दर्शन की ऑनलाइन टिकट बुकिंग उपलब्ध नहीं होगी। भारी भीड़ की आशंका को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने यह निर्णय पहले ही ले लिया है। मंदिर प्रशासन के अनुसार, आने वाले पूरे एक महीने तक आरती के सभी ऑनलाइन स्लॉट पूरी तरह बुक हो चुके हैं। सिर्फ 7 जनवरी के लिए करीब 70 टिकट उपलब्ध हैं, जो भी अगले कुछ घंटों में बुक होने की संभावना है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद से हर साल 31 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच आने वाली भीड़ को देखते हुए ऑनलाइन बुकिंग अस्थायी रूप से रोक दी जाती है।

## ऑस्ट्रेलिया ने आज से 16 से कम उम्र के बच्चों को फेसबुक-इंस्टाग्राम पर अकाउंट बनाने-चलाने पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली,** 10 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। ऑस्ट्रेलिया ने आज एक ऐतिहासिक और साहसिक शुरुआत की है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की सरकार ने देश के 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अकाउंट बनाने और चलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार यह बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने का दुनिया में अपनी तरह का पहला कदम है। इस नियम के लागू होते ही देश के लाखों बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर एक्सेस खत्म हो गया है। दुनिया के अन्य देश भी इस कदम पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं।

इस प्रतिबंध का मुख्य मकसद 16 साल से कम उम्र के बच्चों को ऑनलाइन खतरों से बचाना है। लत लगाने वाले एल्गोरिदम ऑनलाइन फ्रॉड और साइबरबुलिंग से सुरक्षा प्रदान करना। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने इसे देश के लिए गर्व का दिन बताया। उन्होंने कहा, यह वो दिन है जब ऑस्ट्रेलियाई परिवार इन बड़ी टेक कंपनियों से अपनी ताकत वापस ले रहे हैं और बच्चों को बच्चों की तरह खेलने के अधिकार और माता-पिता को मन की शांति देने के अधिकार पर ज़ोर दे रहे हैं।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई



**रायपुर,** 10 दिसम्बर। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय स्थित सभागार में राज्य की योजनाओं की समीक्षा की गई। विकासशील ने सचिवों को निर्देशित किया कि अपने विभाग के लिए अगले तीन वर्षों की कार्ययोजना तैयार करें, ताकि प्रदेश में कुशलता के साथ और तीव्र गति से काम हो सकें। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जनता के हित में सतत् कार्य करना है।

बैठक में वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल नवीन मद प्रस्तावों, योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। लक्ष्य और उपलब्धि के आधार पर विभागवार प्रस्तुति भी दी गई। बैठक में केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के एसएनए-स्पर्श प्रणाली में ऑनबोर्डिंग व पेमेंट की अद्यतन स्थिति, प्रमुख योजनाओं की क्रियान्वयन प्रगति, नवीन मद के प्रस्तावों की स्थिति, वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के निर्माण कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति, तथा पूंजीगत व्यय की जानकारी सहित सभी प्रमुख बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई। साथ ही बजट प्रावधान के विरुद्ध व्यय और ई-ऑफिस के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति पर भी विशेष चर्चा की गई।

इसके अलावा मुख्य सचिव ने आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को विभागों में सही ढंग से लागू करने, ई-ऑफिस को संचालनालय के साथ-साथ जिला स्तर पर भी आगामी वर्ष में पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी विभागों के स्थापना प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि e-HRMS पोर्टल पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण रूप से ऑनबोर्ड हो जाए। मुख्य सचिव ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक सुधारात्मक एवं प्रगतिशील कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में सभी विभागों के प्रमुख सचिव, सचिव और संचालनालय स्तर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।